## एक नजर में

### पडाना में आज लगेगा समाधान शिविर

**पडाना 19 जून, सं.** ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में वितरण केन्द्र मऊ अंतर्गत 4 गांवों के लिए विशेष समाधान कैंप आयोजित किया गया है. कार्यालय सहायक यंत्री मऊ संपर्क अभियान के क्लस्टर-07 में शामिल ग्राम पंचायत पड़ाना, मगराना, सादनखेड़ी और अकनियाखेड़ी की समस्याओं का समाधान किया जाएगा. यह कैंप शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पडाना पंचायत परिसर में लगाया जाएगा. कैंप में उपभोक्ताओं को मीटर बदलवाना, सर्विस केबल सुधार, नए कनेक्शन, लोड वृद्धि तथा बिल संबंधी तकनीकी समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया जायेगा.

### 16 मंडलियों ने निकाली संकीर्तन यात्रा



**ब्यावरा 19 जून, का.** ग्राम बरखेड़ा में गुरुवार रात प्रभात फेरी का वार्षिकोत्सव और संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया गया. यह आयोजन गांव में पिछले एक वर्ष से प्रतिदिन सुबह 4 बजे निकल रही प्रभात फेरी के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हुआ. इसमें 16 गांवों की संकीर्तन मंडलियों ने भाग लिया और हजारों श्रद्धालुओं के साथ विशाल संकीर्तन यात्रा निकाली. कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के प्राचीन श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ. संकीर्तन यात्रा श्रीराम मंदिर से शुरू होकर खेड़ापति हनुमान मंदिर, उपस्वास्थ्य केंद्र और गांव के मुख्य मार्गों से गुजरी. यह यात्रा धर्मशाला परिसर में समाप्त हुई. संकीर्तन यात्रा में कमल सरा, गेहूंखेड़ी, बकानी, बोडा, वामनदेरी, दामड़िया छतरी, हुलखेड़ी, गोकुलपुरा, मिठनपुर छतरी, मोई, हबीपुरा, पचोर, ब्यावरा महिला मंडल प्रभात फेरी और चौतरा सहित आसपास के कई गांवों की कीर्तन मंडलियां शामिल थीं. इन मंडलियों ने अपनी विशिष्ट शैली में भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए. ग्रामीणों ने बताया कि ये सभी मंडलियां पिछले एक वर्ष से अपने-अपने गांवों में प्रतिदिन सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाल रही हैं.

# 24 घंटे में 3 सड़क हादसे, 2 की मौत, 5 घायल

## पचोर में बीती रात पैदल राहगीर की टक्कर से मौत, तलेन में बाइक सवार महिला की स्कॉर्पियो से टक्कर के बाद मौत

**तलेन हादसे में बाइक को टक्कर मारकर पेड़ में घुसी स्कॉर्पियो, महिला का हाथ कटा मौत**
**ब्यावरा में घुरेल सड़क हादसे में 3 घायल**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/तलेन/पचोर 19 जून, का.** तलेन-सारंगपुर रोड पर शुक्रवार शाम करीब 4 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने को सामने से टक्कर मार दी. श्मशान घाट के पास हुए इस हादसे में बाइक सवार मुमताज बी की शुजालपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई. वहीं बाइक पर सवार दूसरी महिला का हाथ कट गया और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं. जानकारी के अनुसार इकलेरा निवासी हनीफ खान अपनी परिजन आयशा बी और मुमताज बी के साथ बाइक से जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रही स्कॉर्पियो एमपी 09 एके 2600 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों सवार सड़क पर जा गिरे.

### टक्कर के बाद उछलकर पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो



**तलेन** हादसे में बाईक सवार आयशा बी का एक हाथ कटकर अलग हो गया. वहीं बाइक को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो भी बेकाबू हो गई और सड़क किनारे नाले को पार करते हुए बबूल के पेड़ से जा टकराई. इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार सारंगपुर निवासी गोकुल लववंशी भी गंभीर रूप से घायल हो गया. तलेन थाना प्रभारी धर्मवीर पलैया ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को शुजालपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल से तुरंत एंबुलेंस नहीं मिली, जिससे गंभीर घायलों को निजी वाहनों से ले जाना पड़ा.

### महिला का हाथ कटा, इलाज के दौरान मौत

बाईक पर तीन लोग सवार थे. इनमें दो महिलाएं थी. गंभीर रूप से घायल मुमताज बी ने शुजालपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. हादसे के दौरान उनका एक हाथ कट गया था. वहीं दो अन्य बाईक सवारों का ईलाज जारी है. हादसे में कुल तीन लोग घायल हुए है इनमें स्कॉर्पियों सवार भी शामिल है. सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. तलेन थाना पुलिस ने इस दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हादसे का कारण अनियंत्रित गति मानी जा रही है.

### एम्बुलेंस का पहिया निकला, कार की साईड छिली



**ब्यावरा** शहर से करीब 12 किमी दूर घुरेल जोड़ पर एक सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए. उनमें से एक को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है. हादसे में एक बोलेरो एम्बुलेंस और कार की आमने सामने टक्कर हो गई. हादसे में स्विफ्ट कार ड्रायवर साईड से पूरी तरह टूट गई. एक ओर से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं एम्बुलेंस दुर्घटना के बाद पलट गई. हादसे जहां हुआ वहां मोड़ है और पुलिया है. जानकारी देते हुए सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सुठालिया की ओर से सागर निवासी पंकज सिंह पिता नन्हें सिंह वाहन क्रमांक एमपी 13 सीडी 4943 मारुति स्विफ्ट से ब्यावरा की ओर आ रहा था. उसी दौरान उसकी कार की टक्कर सामने से आ रही एम्बुलेंस क्रमांक एमपी 02 जेडए 0225 से हो गई.

### मोड़ पर तेज स्पीड हादसे का कारण

दोनों वाहन विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे थे. मोड़ होने के कारण वह सेंटर नहीं छोड़ पाए और टकरा गए. हालांकि बचाने की कोशिश में कार का एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में कार का ड्रायवर साईड का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. कार सवार सागर निवासी पंकज यादव को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है जबकि एम्बुलेंस में सवार चालक धर्मेन्द्र पिता तुलसीराम वर्मा उम्र 28 साल निवासी बाबल्दा पचोर और उसके साथी मनीष पिता ओमप्रकाश चंद्रवंशी 28 वर्ष को चोटें आई है.

### राहगीर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, मौत

**पचोर 19 जून, सं.** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर पचोर के समीप स्थित बिलापुरा जोड़ ब्लैक स्पॉट पर गुरुवार रात एक और जानलेवा हादसा हो गया. सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया और सुरक्षा इंतजामों की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. इससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. जानकारी के अनुसार रूगनाथपुरा निवासी लखन पिता मांगीलाल गुर्जर (45) गुरुवार रात करीब 9 बजे पैदल हाईवे पर जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. ग्रामीणों का कहना था कि बिलापुरा जोड़ लंबे समय से दुर्घटनाओं का केंद्र बना हुआ है. नाराज लोगों ने शव को मौके से नहीं उठाने दिया और अधिकारियों को आना पड़ा.

### हेलमेट पहनने की दिलाई शपथ

**सारंगपुर 19 जून, सं.** जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में पुलिस ने शुक्रवार को नगर और आसपास के क्षेत्रों में हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया. थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों का दौरा किया. इस दौरान बाइक से आने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया. पुलिस ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. अभियान के तहत पुलिस टीम सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल और स्वामी विवेकानंद कॉलेज सहित कई शिक्षण संस्थानों के बाहर मौजूद रही. यहां बच्चों को छोड़ने आए अभिभावकों, कॉलेज छात्रों और कोचिंग संस्थानों में आने-जाने वाले युवाओं को हेलमेट के महत्व से अवगत कराया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट केवल यातायात नियम का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन है. सारंगपुर क्षेत्र में तीन स्थान दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील है. इनमें गोपालपुरा बायपास क्रॉसिंग, ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप का क्षेत्र और सारंगपुर-पचोर बायपास क्रॉसिंग शामिल हैं. उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में इन तीनों स्थानों पर कई गंभीर हादसे हुए हैं.



## चौपाल में बिजली, पेंशन, शमशान और आवास पर सुनवाई

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 19 जून, सं.** ग्रामीणों की समस्याओं को गांव में ही सुनकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाबल्दा में रात्रिकालीन चौपाल एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. कार्यक्रम में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे.

ग्रामीणों ने चौपाल के दौरान बायपास मार्ग निर्माण, विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापना, खाद की उपलब्धता, सड़क एवं नाली निर्माण, श्मशान घाट तक पहुंच मार्ग, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, पेंशन योजनाओं के लाभ, खाद्यान्न पर्ची तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से रखा. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए. सांसद रोडमल नागर ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उत्पादकता प्रभावित होते हैं. उन्होंने जैविक खेती को अपनाने का आग्रह किया. डॉ. टेटवाल ने कहा, जनता की समस्याओं का समाधान ही सुशासन की पहचान है और जनकल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा संकल्प है. चौपाल कार्यक्रम में भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, गिरिवर भंडारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश बैस, मंडल महामंत्री सुदर्शन सोनी, बद्रीलाल भंडारी, नीलम सक्सेना, सरपंच कमला बाई राजपूत, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन, किसान शामिल हुए.

### दिल्ली की टीम ने किया निरीक्षण

**राजगढ़ 19 जून, का.** जिले में संचालित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली से निरीक्षक मधुमीता तथा राज्य स्तर से अनुराग सोनवलकर राजगढ़ पहुंचे. उनके साथ जिला समन्वयक नेहा पांडे ने ग्राम लिंबोदा का भ्रमण कर किशोर साथिया समूह की बैठक में भाग लिया.

## पार्षद ने लगाया अवैध नामांतरण करने का आरोप

### पार्षद का आरोप पटवारी ने तहसीलदार के आदेश को अनदेखा किया

नवभारत न्यूज

**बोड़ा 19 जून, सं.** नगर पंचायत में मकान को दर्ज राजस्व रिकॉर्ड में की जा रही है हेरा फेरी इसके चलते एक अजीबो मामला सामने आया है. इसे लेकर नगर परिषद के पार्षद तेज सिंह यादव ने लिखित में नगर परिषद सीएमओ को अपनी आपत्ति दर्ज कराई है जिसमें शासकीय भूमि पर बने मकान जिसे सीमांकन कर चिन्हित किया गया किया जाना है जिस मकान पर शासकीय भूमि पर सर्वे क्रमांक 753/1 को बेचा जा रहा है. जिस पर बोडा तहसीलदार का रेलवे द्वारा 4.2026 को भूमि को रिक्त करने का आदेश दिया था. जो आज तक पूर्ण ना होते हुए पटवारी रोहित श्रीवास्तव द्वारा मकान का नाम रजिस्टर में दर्ज किया गया है. आरोप है कि रविंद्र पिता सर्जन सिंह राजपूत के द्वारा मकान निर्माण किया गया उस मकान को बोड़ा नगर पंचायत द्वारा बिना नामांकन बिना इश्तिहार के नगर पंचायत रजिस्टर में दर्ज किया है. इस संबंध में आवेदन पार्षद तेज सिंह यादव द्वारा सीएमओ अभिषेक जैन को दिया है. पार्षद का कहना है कि मार्च महीने में तहसीलदार ने मौका निरीक्षण का अदेश पटवारी दल का दिया था लेकिन वह भी विधिवत नहीं किया गया. साथ ही किसी पक्ष को इसकी जानकारी नहीं दी गई है. पार्षद ने मामले में जांच करवाने तथा फर्जी नामंतरण का आरोप लगाते हुए निरस्त कराने की मांग की है.

## नीट पेपर लीक : एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

### पुतला दहन का प्रयास, पुलिस ने रोका

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 19 जून, सं. एनएसयूआई के तत्वावधान में शुक्रवार दोपहर को राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त किए जाने एवं नीट पेपर लीक प्रकरण के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने पुतला छीनकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया.

इस दौरान कार्यकर्ताओं और



पुलिस के बीच हल्की झड़प भी देखने को मिली, हालांकि स्थिति को जल्द ही संभाल लिया गया. संगठन के पदाधिकारी एलकार सोंधिया ने कहा कि यह विरोध छात्रों के हित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए किया जा रहा है और आगे भी आंदोलन जारी रहेगा.

कार्यक्रम में छात्र नेता ललित सोलंकी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धीरप सिंह सौंधिया, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी, श्याम पालीवाल, कांग्रेस जिला सचिव सरदार सिंह सौंधिया, मंडलम अध्यक्ष पर्वत सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन सिंह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन सिलावट, कैलाश मेहर, गोपाल लोधी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे.

## बरूखेड़ी मंदिर चौक पर लटक रहे बिजली के तार

### लोगों को बड़ा हादसा होने का डर

नवभारत न्यूज

**पडाना 19 जून, सं. मऊ विद्युत ग्रिड से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित बरूखेड़ी गांव के मंदिर वाले चौक पर एक बार फिर एलटी लाइन के तार झूल रहे हैं. यही वह जगह है जहां 2-3 साल पहले पचोर से आग बुझाने आई दमकल के एक कर्मी की झूलते तारों की वजह से मौत हो चुकी है**

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस चौक से रोजाना गांव के स्कूली बच्चे स्कूल बस और वैन से आते-जाते हैं. इसके अलावा किसानों के ट्रैक्टर-ट्राली और ऊंचे कृषि उपकरण भी इसी रास्ते से गुजरते हैं. झूलते हुए तार किसी भी ऊंचे वाहन में उलझ सकते हैं, जिससे जानलेवा दुर्घटना हो सकती है.

ग्रामीणों का कहना है कि पिछली घटना के बाद भी विभाग द्वारा स्थाई समाधान नहीं किया गया. अब तार फिर से ढीले होकर नीचे लटक गए हैं. बारिश और तेज हवा में तार के टूटकर गिरने का खतरा और बढ़ जाता है.

गांव वालों ने विद्युत विभाग से तुरंत तारों को ठीक करवाने और उचित ऊंचाई पर लगाने की मांग की है. उनका कहना है कि स्कूल टाइम में यहां बच्चों की भारी आवाजाही होती है. एक छोटी सी लापरवाही बड़ा हादसा करवा सकती है. ग्रामीण लाड सिंह पटेल मांगीलाल शर्मा संतोष सेन गोपाल शर्मा रामेश्वर मालवीय इत्यादि ग्रामीणों ने मऊ विद्युत ग्रिड के अधिकारियों और प्रशासन से अपील की है कि हादसे का इंतजार किए बिना तुरंत मौका निरीक्षण कर तारों को दुरुस्त किया जाए, ताकि बच्चों और किसानों की जान सुरक्षित रह सके.

> बिजली उपभोक्ता और बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है मैं ग्रामीणों को आश्वस्त करता हूं कि लापरवाही नहीं होगी और स्थाई समाधान किया जाएगा.
> **बृजेश कुमार मिश्रा**
> **सुपरवाइजर डीसी मऊ**

**संगोष्ठी** ग्राम बिलोदा पूर्विया में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

# जैविक खेती का सबसे मजबूत आधार गौवंश-टेटवाल

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 19 जून, सं. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत राष्ट्रीय मिलेट्स मिशन योजना के तहत सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिलोदा पूर्विया में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर ने सहभागिता करते हुए कृत्रिम कीट नियंत्रण प्लांट का शुभारंभ किया तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने वाले अन्नदाता किसान भाइयों का सम्मान किया.

राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि जैविक खेती केवल कृषि का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भारतीय संस्कृति से जुड़ा हुआ



विषय है. भारत की पहचान सदियों से कृषि और गौ-आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के रूप में रही है. मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि जैविक खेती का सबसे मजबूत आधार गौवंश है. गोबर और गौमूत्र से निर्मित जीवामृत, घनजीवामृत, पंचगव्य, वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य जैविक उत्पाद भूमि को पुनर्जीवित करने का कार्य करते हैं. एक स्वस्थ गाय केवल दूध ही नहीं देती, बल्कि खेतों के लिए प्राकृतिक उर्वरक और जैविक खेती का आधार भी प्रदान करती है. सांसद रोडमल नागर ने कहा कि गोबर, गौमूत्र और अन्य जैविक संसाधनों से तैयार उर्वरक न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ाते हैं, बल्कि आयातित संसाधनों पर निर्भरता भी कम करते हैं. इससे खेती की लागत घटेगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और कृषि क्षेत्र अधिक आत्मनिर्भर बनेगा.

**बायोगैस एवं बायो-सीएनजी प्लांट से मिलेगा किसानों को लाभ** - मंत्री डॉ. टेटवाल ने बताया कि कामधेनु गौशाला में बायोगैस एवं बायो-सीएनजी संयंत्र की स्थापना की जाएगी. इसमें गोबर के साथ-साथ किसानों से खरीदी गई पराली का भी उपयोग किया जाएगा. इससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी तथा पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और भूमि की उर्वरता में कमी जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी. कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष सारंगपुर देवनारायण नागर, जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर, मंडल अध्यक्ष पचोर विकास दीक्षित, मंडल अध्यक्ष गिरवर नागर, मंडल अध्यक्ष सारंगपुर महेश पुष्पद, जिला मंत्री मनोहर परमार, पूर्व जिला मंत्री सुश्री किरण सूर्यवंशी, कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक प्रबंधक राजपूत, जनप्रतिनिधिगण, सरपंचगण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सैकड़ों कृषक बंधु उपस्थित रहे.



### कड़लावद में बनेगी 133 एकड़ में कामधेनु गौशाला

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने बताया कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वावलंबी गौशाला योजना प्रारंभ की गई है. इसके अंतर्गत सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कड़लावद में 133 एकड़ भूमि पर कामधेनु गौशाला की स्थापना की जा रही है. उन्होंने बताया कि इस गौशाला के माध्यम से क्षेत्र में पर्याप्त जैविक खाद उपलब्ध होगी तथा किसानों को जैविक खेती अपनाने में सहायता मिलेगी.

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध एवं
बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय
B.A.LLB 5 वर्षीय
GNM 3 वर्षीय

प्रवेश एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से एवं सीएलसी राउंड द्वारा
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231